आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 25.10.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में पांच हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी—वित्त विभाग ने दी सहमति।

2— राज्य के नौ नये नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए अठहत्तर करोड़ पंद्रह लाख रूपये की राशि स्वीकृत।

3— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

और

4— नहाय—खाय के साथ आज से शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व।

...............

<u>शिक्षक भर्ती—स्वीकृति</u>

प्रदेश में पांच हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए वित्त विभाग ने सहमति दे दी है। शिक्षा विभाग जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिक्षकों

की नई भर्ती न केवल शिक्षण व्यवस्था को गति देगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी खोलेगी। इससे ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी।

वहीं, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

नर्सिंग कॉलेज–भवन निर्माण

प्रदेश के नौ नये नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार ने अठहत्तर करोड़ पंद्रह लाख रूपये की स्वीकृति दे दी है। ये नये कॉलेज  दंतेवाड़ा, बैकुंठपुर, बीजापुर, बलरामपुर, जशपुर, रायगढ़, धमतरी, जांजगीर–चांपा और नवा रायपुर में स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इन नये नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की मंजूरी मिलने से प्रदेश के स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा को नई दिशा देगा और इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री–खड़गवां प्रमाण पत्र

मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां को आईएसओ प्रमाण–पत्र दिया गया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला खड़गवां, सरगुजा संभाग का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। इस प्रमाणन के साथ ही खड़गवां ने टीकों और रसद के सुरक्षित, वैज्ञानिक और विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप भंडारण की नई मिसाल कायम की है।

मुख्यमंत्री–पंडवानी सम्मेलन

अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के ग्राम मेड़ेसरा में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन आज संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साय ने नंदिनी के नागरिक कल्याण महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं खोलने, अछोटी में बीएड महाविद्यालय, मेड़ेसरा को आदर्श गांव बनाने के साथ ही सामुदायिक भवन के लिए बीस लाख रूपए देने सहित विभिन्न घोषणाएं कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को दुनिया भर में पहचान मिली है। इस दौरान उन्होंने पंडवानी के पुरोधा स्वर्गीय झाडूराम देवांगन और तीजन बाई को भी याद किया।

मुख्यमंत्री–नक्सलवाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। इसमें जवानों को सफलता भी मिल रही है। आज दुर्ग जिले के मेडेसरा गांव में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का जो संकल्प है, उसे अवश्य पूरा किया जाएगा।

विजय शर्मा/बीजापुर–सुकमा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने बीजापुर प्रवास के दौरान अधिकारियों की बैठक लेकर आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन केंद्रो में रह रहे लोगों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए , जिससे वे मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने पुनर्वास केंद्र के प्रत्येक सदस्य को निःशुल्क मोबाइल फोन उपलब्ध कराकर परिवार से नियमित संपर्क बनाए रखने में सहयोग करने को कहा।

वहीं, सुकमा प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम दुलेड में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ कैम्प का निरीक्षण किया और जवानों का हालचाल जाना। उन्होंने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत भी की। श्री शर्मा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने गांव के भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्ताईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

छठ पर्व

छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में लोक आस्था का महापर्व छठ आज नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है। सूर्य देव को समर्पित यह पर्व प्रकृति की पूजा और स्वच्छता का प्रतीक है। इस पर्व के दूसरे दिन कल खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास शुरू करते हैं। व्रत के तीसरे दिन सोमवार को विभिन्न नदियों और जलाशयों के किनारे स्थित छठ घाटों पर अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। अट्ठाईस अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व का समापन होगा।

छठ पर्व के लिए राजधानी रायपुर के महादेवघाट के साथ ही पचास से अधिक तालाबों में विशेष इंतजाम किए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि छठी मैया के गीत इस पावन अवसर की भव्यता को बढ़ाते हैं।

अरूण साव–राज्योत्सव तैयारी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर में एक से पांच नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि राज्योत्सव के दौरान सभी जिलों में तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। इस बार राज्य स्थापना का यह आयोजन अधिक व्यापक और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जा रहा है।

श्री साव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की भी तैयारी की जा रही है। उनके स्वागत में नवा रायपुर में रोड शो होगा। इन मार्गों पर बारह आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और विकास योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी।

राज्यपाल–ई रिक्शा

राज्यपाल रमेन डेका ने अपने स्वेच्छानुदान मद से रायपुर के सरस्वती शिक्षा संस्थान को चार ई–रिक्शे प्रदान किए हैं। उन्होंने राजभवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में इन वाहनों की चाबी चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर इन्हें रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग विभिन्न सरस्वती शिक्षा संस्थानों में किया जाएगा।

बस्तर ओलंपिक–शुभारंभ

बस्तर ओलंपिक के तहत आज नारायणपुर जिले के कच्चापाल गांव में प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। इस स्पर्धा का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर ईरकभट्टी और कच्चापाल की ग्रामीण महिलाओं के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें ईरकभट्टी गांव की महिलाओं ने बाजी मारी। इस मौके पर श्री शर्मा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बस्तर ओलंपिक की टीशर्ट का वितरण किया। यह प्रतियोगिता विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर तीन चरणों में आयोजित होगी। बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग में तीन लाख अस्सी हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिसमें नारायणपुर जिले के सैंतालीस हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की समरसता, बंधुत्व, विश्वास और एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस ओलंपिक के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी प्रदेश को मिलेंगे।

रणजी ट्रॉफी

मुंबई में छत्तीसगढ़ और मुंबई के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले में मुंबई की टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट के नुकसान पर दो सौ इंक्यावन रन बना लिए हैं। मुंबई की ओर से अजिंक्य रहाणे ने एक सौ अट्ठारह और सिद्धेश लाड ने अस्सी रनों

की पारी खेली। वहीं, छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण और आदित्य सरवाटे ने दो–दो विकेट हासिल किए।

संक्षिप्त समाचार

– बीजापुर जिले के नेला–कांकेर गांव में माओवादियों ने बीती रात दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या कर दी है।

और

– सत्ती जिले के अमेरडीह और कचन्दा पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार एक युवती की मौत हो गई। जबकि, युवती की मां की हालत गंभीर बनी हुई है।

................